





# वन विभाग का बड़ा एक्शन, 12 .5 हेक्टेयर जमीन कराई कब्जामुक्त

- जंगल की जमीन पर कब्जा कर की जा रही खेती
- चोरल में 20 किमी अंदर जंगल में 8 घंटे चला अभियान
- कम्पेल, नयापुरा और पीपल्दा में भी जेसीबी से हटाया अतिक्रमण

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** वन विभाग ने जंगल की जमीन पर कब्जा कर की जा रही अवैध खेती के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में 12.5 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया. चोरल फॉरेस्ट में जहां 20 किलोमीटर अंदर पहुंचकर 3 हेक्टेयर जमीन खाली कराई गई, वहीं कम्पेल सबरेंज के नयापुरा और पीपल्दा बीट में भी बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई.

चोरल फॉरेस्ट रेंज में क्षेत्र नम्बर 180 में अवैध कब्जे की सूचना पर करीब 30 वनकर्मियों की टीम सुबह 8 बजे जेसीबी और संसाधनों के साथ रवाना हुई. टीम ने जंगल के भीतर करीब 20 किमी दूर पहुंचकर 3 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटाया और जेसीबी से खंतियां खोदकर कब्जा समाप्त किया. यह कार्रवाई शाम 4 बजे तक करीब 8 घंटे चली. इसके बाद खाली कराई गई जमीन पर 5 प्रजातियों के करीब 50 किलो बीज भी डाले.

**लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी**-कार्रवाई के दौरान जेसीबी से वन और राजस्व भूमि के बीच सीपीटी (खाई) खोदकर स्पष्ट सीमा रेखा भी बनाई गई, ताकि दोबारा कब्जा न हो सके. डीएफओ सुधाकर लाल का कहना है कि बारिश से पहले जंगलों में अवैध खेती के प्रयास बढ़ जाते हैं, ऐसे में लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

### कम्पेल, नयापुरा और पीपल्दा में भी अतिक्रमण हटाया

इधर, मुख्य वन संरक्षक पीएन मिश्रा के निर्देशन और डीएफओ लाल सुधाकर सिंह के आदेश पर वन परिक्षेत्र इंदौर के कम्पेल सबरेंज में भी सघन कार्रवाई की गई. वन परिक्षेत्राधिकारी संगीता ठाकुर के नेतृत्व में कक्ष क्रमांक 224 (नयापुरा बीट) में 2 हेक्टेयर, कक्ष क्रमांक 223 (नयापुरा) में 3 .5 हेक्टेयर और कक्ष क्रमांक 226 (पीपल्दा बीट) में 4 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया. यहां ग्रामीणों द्वारा अवैध खेती की जा रही थी.

# शादी का झांसा देकर जीआरपी आरक्षक ने किया दुष्कर्म

- फेसबुक पर हुई थी दोस्ती, वर्षों तक संबंध के बाद शादी से मुकरा
- फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी का भी आरोप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में जीआरपी थाने में पदस्थ एक आरक्षक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धमकी देने का मामला दर्ज किया है. महाराष्ट्र निवासी 35 वर्षीय पीड़िता, जो वर्तमान में भोपाल में रह रही है, की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सचिन चंद्रवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**



पुलिस के अनुसार, पीड़िता की आरोपी से वर्ष 2018 में इंदौर में पढ़ाई के दौरान फेसबुक के जरिए पहचान हुई थी. इसके बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और मुलाकातें शुरू हो गईं. महिला का आरोप है कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसे भरोसे में लिया और 8 नवंबर 2018 को कनाड़िया स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद भी कई बार उनकी मुलाकातें हुईं. पीड़िता आरोपी से जब भी शादी का कहती, वह हर बार शादी की बात टालता रहा. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बाद में दोनों परिवारों की शादी के लिए सहमति भी बन गई थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ने शादी नहीं की.

**महिला के माता-पिता की मौत के बाद आरोपी ने बनाई दूरी**-वर्ष 2021 में मां और 2023 में पिता के निधन के बाद आरोपी ने उससे दूरी बना ली और अंतत: शादी से साफ इंकार कर दिया. इसी दौरान महिला को पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती के साथ लिव इन में रह रहा है और फरवरी 2026 में उसने कहीं और सगाई भी कर ली है.

युवती ने यह आरोप भी लगाया है कि 13 फरवरी को भोपाल में मुलाकात के दौरान आरोपी ने शादी से साफ इंकार करते हुए महिला के फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी. इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी देकर भोपाल में शिकायत दर्ज कराई. जहां से मामला इंदौर के कनाड़िया थाने भेजा गया, जहां दुष्कर्म और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है.

### विधवा को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक किया शोषण

#### बाद में वादे से मुकरा आरोपी, दुष्कर्म का केस दर्ज

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है. आरोपी ने सहारा देने का भरोसा दिलाकर लंबे समय तक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

42 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर प्रदीप पिता जगदीश शर्मा निवासी शिव धाम कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. महिला ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद आरोपी ने उससे जान-पहचान बढ़ाई और शादी का वादा किया. भरोसे में लेकर आरोपी लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी टाल देता था. हाल ही में जब उसने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया और उसे छोड़ दिया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

# राऊ में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 25 लाख की ठगी

- यूएसडीटी ट्रांजेक्शन में फर्जीवाड़ा
- रकम ट्रांसफर करवाकर आरोपी फरार
- केस दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 25 लाख रुपए की बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोपियों ने यूएसडीटी ट्रांजेक्शन के बहाने फरियादी से रकम ट्रांसफर करवा ली और बदले में नकदी दिए बिना फरार हो गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है.फरियादी किस्मत कौशल की पहचान शुभम चौहान से हुई थी. आरोपी ने 25 लाख रुपए की यूएसडीटी के बदले नगद राशि देने का झांसा दिया. तय योजना के अनुसार शुभम चौहान अपने साथी हनी शर्मा के साथ राऊ क्षेत्र में मिला, मुलाकात के दौरान आरोपियों ने फरियादी से 25 लाख रुपए की यूएसडीटी ट्रांसफर करवा ली, लेकिन बदले में कोई रकम नहीं दी और मौके से भाग निकले.

घटना के बाद फरियादी ने राऊ थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला कायम कर लिया है. प्रारंभिक जांच में इस ट्रांजेक्शन के तार एरोड्रम क्षेत्र और सलमान लाला गैंग से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस सभी तकनीकी पहलुओं पर जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है. जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है.

# टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक की गुंडागर्दी

- बीच सड़क पर साथी संग घेरकर किया हमला

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में मामूली टक्कर के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. एक ई-रिक्शा चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर दूसरे चालक को बीच सड़क पर घेरकर बेरहमी से पीट दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

टोरी कॉर्नर मल्हारगंज पर रहने वाले मोहम्मद अली खान पिता अब्दुल सलीम खान ने पुलिस को बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है. वह राजवाड़ा से सवारियां लेकर एयरपोर्ट की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में उनके रिक्शे की टक्कर आगे चल रहे दूसरे ई-रिक्शा से हो गई थी. उस समय तो वह रिक्शा चालक वहां से निकल गया, लेकिन उसने रंजिश रख ली. पीड़ित द्वारा पुलिस को की गई शिकायत अनुसार, कालानी नगर चौराहे के पास मौसा जलेबी के सामने पहुंचते ही वही चालक अपने एक साथी के साथ आ गया.

## एक नजर में

### रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट अनिवार्य

**महू.** जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर द्वारा जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं. इसके तहत मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित कॉलोनियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है. मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 54 तथा ग्राम पंचायत स्वच्छता, सफाई एवं न्यूसेंस निवारण नियम 1999 के प्रावधानों के अनुसार कॉलोनी विकसित करने वालों को प्रत्येक घर में रूफ-टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की सुविधा विकसित करनी होगी. साथ ही कॉलोनी से निकलने वाले ग्रे-वॉटर एवं ब्लैक-वॉटर को समुचित रूप से उपचारित कर ही नदी-नालों में प्रवाहित करना अनिवार्य है. जनपद क्षेत्र की सभी 78 ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि भवन अनुज्ञा जारी करते समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की शर्त अनिवार्य रूप से शामिल की जाए. यदि भवन स्वामी द्वारा शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो भवन अनुज्ञा निरस्त कर पंचायत राज अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाए. जनपद पंचायत ने सभी कॉलोनाइजरों, भवन स्वामियों एवं ग्राम पंचायतों से अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और वर्षा जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण एवं स्वच्छ जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें.



### नेशनल लोक अदालत को लेकर निकाली वाहन रैली




**महू.** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. इसे सफल बनाने तहसील विधिक सेवा समिति डॉ. अंबेडकर नगर द्वारा बिजली वितरण कंपनी एवं छावनी परिषद के समन्वय से प्रचार प्रसार के लिए वाहन रैली का आयोजन किया गया. आयोजित प्रचार प्रसार वाहन रैली को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति डॉ. प्रीति श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते समय न्यायाधीशगण विशाल शर्मा, भरत कुमार व्यास, श्रीमती सारिका गिरी शर्मा, श्रीमती श्वेता मिश्रा, फरहान कुरैशी, श्रीमती रिशा अहमद कुरेशी, सुश्री अंजली राय, सुश्री सौम्या चौधरी, सुश्री प्रज्ञा मिश्रा एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारी, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर, सचिव अभिषेक जायसवाल एवं अनेक अधिवक्ता, बिजली कंपनी के ओमप्रकाश गुप्ता, प्रेम सिंह गणेश, नितेश कौरव, अवधेश अहिरवार एवं छावनी परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे.

### जिले में खाद की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में किसानों को पारदर्शी सुगम एवं समयबद्ध उर्वरक उपलब्ध करने के उद्देश्य से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान पोर्टल के द्वारा निजी एवं सहकारिता के माध्यम से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है. उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन हेतु कुल 32701 मेट्रिक टन उर्वरक भण्डारित होकर 1357 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया जा चुका है. वर्तमान में 5627 मेट्रिक टन यूरिया, डी.ए.पी. 2093 मेट्रिक टन, एन.पी.के. 9986 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी. 4357 मेट्रिक टन एवं सुपर फास्फेट 9281 मेट्रिक टन उपलब्ध है. जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है, निरंतर आपूर्ति बनी हुई है. कृषकगण अपनी सुविधा अनुसार ई-टोकन प्राप्त कर संबंधित विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं.

# नशेड़ी बेटे ने खुद के घर में लगाई सेंध, दो साथियों संग गिरफ्तार

- दो दोस्तों के साथ मिलकर 70 हजार के जेवर चुराए
- आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल, माल बरामद

इंदौर. बाणगंगा पुलिस ने भवानी नगर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात फरियादी महिला के बेटे ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर की थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया पूरा माल बरामद कर लिया है.

पुलिस के अनुसार, फरियादी ममता डगला के घर में सेंधमारी कर करीब 70 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए थे. जांच के दौरान शक के आधार पर पुलिस ने फरियादी के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में उसने अपने दो दोस्तों यश और गोल्डी के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपियों ने घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था. पूछताछ में सामने आया कि तीनों नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए ही चोरी की योजना बनाई थी. पुलिस ने आरोपियों से पूरा माल बरामद कर लिया है और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 7 गिरफ्तार

- ऊषा नगर के फ्लैट पर क्राइम ब्रांच ने दी दबिश
- डायमंड सर्वर के जरिए चल रहा था करोड़ों का अवैध नेटवर्क

नव भारत न्यूज

इंदौर. क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन क्रिकेट और कैसीनो सट्टेबाजी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को ऊषा नगर स्थित एक अपार्टमेंट से रंगे हाथ पकड़ा है, जहां वे डायमंड सर्वर के माध्यम से देश-विदेश में सट्टे का अवैध कारोबार संचालित कर रहे थे. गिरोह के तार दिल्ली और दुबई से जुड़े पाए हैं.

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर अवांछित गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी. इसके आधार पर 6 मई की रात करीब 12.40 बजे ऊषा नगर मेन स्थित सांई नयन अपार्टमेंट के एक फ्लैट पर दबिश दी गई. मौके पर 7 युवक लैपटॉप और मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित करते मिले. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली स्थित सरगना से ऑनलाइन आईडी लेकर ग्राहकों को उपलब्ध कराते थे और उनसे अलग-अलग बैंक खातों में रकम डलवाकर पॉइंट्स के जरिए सट्टा खिलाते थे. गिरफ्तार आरोपियों में शशांक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, निखिल कौशल, शुभम कौशल, अर्पित तिवारी, प्रियांश जैन (सभी शिवपुरी) और जतिन शर्मा (गुना) शामिल हैं.



**आरोपियों से 39 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 1.40 लाख नकद जब्त**

पुलिस आरोपियों के कब्जे से 39 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप और 1.40 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं. इसके अलावा विभिन्न बैंकों की चेकबुक, पासबुक, डेबिट कार्ड और सट्टे के हिसाब किताब के रजिस्टर भी मिले हैं, जिनसे करोड़ों के लेनदेन के संकेत मिले हैं. जब्त सामग्री की कीमत करीब 7.70 लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के साथ ही पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट और आईटी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया है. फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. मामले में डीसीपी का कहना है कि पुलिस वित्तीय लेनदेन और बैंक खातों की जांच कर रही है, जिससे इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के भी सामने आने की संभावना है.

# देवास नाका में तीन दुकानों में लगी आग

- टायर गैरेज व स्पेयर पार्ट्स की दुकानें जलीं
- शटर तोड़कर अंदर घुसी दमकल

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका स्थित डीसीएम कंपाउंड में तड़के आग लग गई थी. आग ने देखते ही देखते टायर, गैरेज और स्पेयर पार्ट्स की तीन दुकानों को चपेट में ले लिया. लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के मकानों तक को खतरा पैदा हो गया था. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई. वह तो दमकल टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था.**



फायर ब्रिगेड के अनुसार, सुबह करीब 3.45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि एक दुकान में लगी आग तेजी से पास की दो अन्य दुकानों तक फैल चुकी है. हालात को देखते हुए दमकलकर्मियों को दुकानों के शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा और भीतर से आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई.

इस अग्निकांड में मेहमूद पिता अकबर अली की टायर दुकान, नरेंद्र पिता राजाराम का गैरेज और जितेंद्र पिता गजराज की स्पेयर पार्ट्स दुकान जलकर खाक हो गई. तीनों दुकानें पास-पास होने के कारण आग तेजी से फैल गई. दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 20 हजार लीटर पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पाया. प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण और नुकसान स्पष्ट नहीं हो सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# 22 अपराधों से लदा आदतन बदमाश सहित दो गिरफ्तार

**इंदौर.** चंदन नगर पुलिस ने सेंध लगाकर चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो निगरानीशुदा बदमाशों को गिरफ्तार किया है. खास बात यह है कि इनमें से एक आरोपी पर पहले से 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं.

पुलिस के मुताबिक, 4 मई की रात व्यास नगर निवासी फरियादी के घर से 70 हजार रुपए चोरी हुए थे. मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर पुष्पेंद्र उर्फ गोलू और प्रभाकरण उर्फ प्रभु को हिरासत में लिया. पूछताछ में दोनों ने वारदात कबूल कर ली. आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे के लिए ही चोरी करते हैं. चोरी की रकम में से 39 हजार रुपए नकद और करीब 13 हजार रुपए का मोबाइल खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. शेष राशि खर्च कर दी गई. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि प्रभाकरण पर 6 और पुष्पेंद्र पर 22 मामले पहले से दर्ज हैं.

## ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तुकोगंज थाना पुलिस ने नेहरू पार्क क्षेत्र से एक तस्कर को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपए कीमत की 11.60 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन जब्त किया है. मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेहरू पार्क स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ की सप्लाई के लिए आने वाला है. सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर संदिग्ध युवक को पकड़ा. पूछताछ में उसने अपना नाम अब्दुल साबिर उर्फ सलमान पिता अब्दुल रउफ निवासी आजाद नगर बताया.

**एक नजर में** | अमृत योजना विफल, खोखले साबित हो रहे जलापूर्ति के दावे

# भीषण गर्मी के बीच शहर में गहराता जा रहा पानी का संकट

- बोरिंग सूख चुके और नलों में पानी नहीं आ रहा, लोग पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हैं

इंदौर. शहर में भीषण गर्मी के बीच पानी का संकट गहराता जा रहा है. जल संकट के चलते वार्ड 38 स्थित बाबा मनसब नगर जैसी बस्तियों में हालात बदतर हो गए हैं. स्थानीय निवासियों के अनुसार, बोरिंग सूख चुके हैं और नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे लोग पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हैं. नगर निगम की अमृत योजना विफल हो गई है और जलापूर्ति के दावे हकीकत में खोखले साबित हो रहे हैं. इससे लोगों में भारी आक्रोश है. यह स्थिति शहर में जल प्रबंधन की खामियों और गर्मी के कारण गिरते जलस्तर को उजागर करती है. चार वर्ष पहले नर्मदा जल योजना के तहत पाइपलाइन और घर-घर नल कनेक्शन देने के बावजूद क्षेत्र में आज तक नियमित पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी. बाबा मनसब नगर में पानी की किल्लत को लेकर नवभारत ने 20 मार्च को खबर प्रकाशित की थी, आज जब दोबारा क्षेत्र में जाकर जायजा लिया तो हालात पहले से भी भयावह नजर आए. क्षेत्र की सरकारी बोरिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है, नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा और रहवासी केवल पार्षद की पहल पर पहुंच रहे निगम के टैंकरों पर निर्भर हैं. स्थिति यह है कि प्रत्येक घर को मात्र पांच केन पानी मिल रहा है, जो दैनिक जरूरत के लिए नाकाफी है. मजबूरी में लोग चिलचिलाती धूप में दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हैं. नगर निगम के बड़े-बड़े दावे, योजनाओं की आत्मप्रशंसा और जल प्रबंधन के खोखले वादों की हकीकत बाबा मनसब नगर में देखी जा सकती है.




### यह बोले रहवासी...



मनसब नगर मंदिर वाली गली में लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं निगम के जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे. अगर पार्षद टैंकर नहीं पहुंचाएं तो क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच जाए.

**- अकील कुरैशी**



गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ जाती है. ऐसे में क्षेत्र के नलों से एक बाल्टी भी पानी नहीं भर पाता. लोग सिर्फ पार्षद के टैंकर पर निर्भर हैं. नगर निगम को ध्यान देना चाहिए.

**- हेमलता गोस्वामी**



गर्मी के महीनों में पानी की मुसीबत ज्यादा बढ़ जाती है. पैसे देकर निजी टैंकर भी डलवाना पड़ते हैं, जिसमें हर हफ्ते हमें आठ सौ से लेकर हजार रुपए तक का भुगतान करना पड़ता है.

**- फूलबाई जाटव**



हर घर को केवल 5 केन पानी देते हैं, उससे पूर्ति नहीं हो पाती. क्षेत्र का बोरिंग भी पूरी तरह से खराब पड़ा हुआ है. नर्मदा लाइन से मिलने वाले पानी की कोई सुविधा नहीं है.

**- रामकली बाई**

### पाइप लाइन नीचे की जाएगी, बोरिंग की गहराई बढ़ाई जाएगी



मंदिर वाली गली में पाइप लाइन को और नीचे किया जाएगा, वहीं बोरिंग की गहराई बढ़ाकर पाइप बढ़ाया जाएगा, जिससे भविष्य में पानी की किल्लत से निजात मिलेगी.

**- उस्मान पटेल, पार्षद पति**